संदेश

गुरु नानक देव जी के जन्म दिवस के अवसर पर देश तथा विदेश में रह रहे सभी देशवासियों और विशेष रूप से सिख भाइयों और बहनों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

गुरु नानक देव जी ने 'एक ओंकार' का संदेश देते हुए कहा कि 'ईश्वर एक है और सर्वव्यापक है'। उन्होंने हमें समाज में प्रेम, एकता और भाइचारे के साथ रहने की प्रेरणा दी। 'जपजी' साहब में प्रेम, आस्था, सत्य, त्याग और नैतिक आचरण जैसे शाश्वत मूल्य विद्यमान हैं जिनसे हमें जीवन में सीख लेनी चाहिए। 'किरत करो, वंड छको' जैसे उपदेशों से उन्होंने हमें ईमानदारी से जीने और मिल-बांटकर सभी संसाधनों का उपभोग करने के लिए प्रेरित किया। गुरु नानक देव ने यह संदेश भी दिया कि मनुष्य को विनम्र रहकर सेवा-भाव से जीवन व्यतीत करना चाहिए। उनके विचारों को अपनाकर हम समाज में शांति, समानता और समृद्धि ला सकते हैं।

आइए, हम उनकी शिक्षाओं को अपनाकर उनके बताए हुए रास्ते पर चलें और समाज कल्याण की भावना के साथ कार्य करें।

****